many cases of AIDS have so far been detected in the country and which State accounts for majority of the cases. I would also like to know what steps have been taken to check the disease.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### देश में बेकार पड़े रंगीन पिक्चर ट्यूब कारखाने

*261. श्री विश्वास राव रामाराव पाटिल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में रंगीन पिक्चर ट्यूबों का निर्माण करने के लिए 200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किये गए कुछ कारखाने इस समय बेकार पड़े हैं ;

(ख) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इन कारखानों में उत्पादन प्रारम्भ करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलेक्ट्रानिकी और अन्तरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के. आर. नारायणन) :** (क) जी, नहीं । (ख) तथा (ग) ये प्रश्न ही नहीं उठते ।

### उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सहायता

*264. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता दिए जाने के लिए कोई व्यापक योजना कार्यान्वित की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है तथा इस योजना से कितने व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो क्या सरकार इस प्रकार की कोई योजना आरम्भ करने का विचार रखती है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) :** (क) से (ग) राज्यों में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों उप केन्द्रों में सभी के लिए, जिनमें अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के व्यक्ति शामिल हैं, निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध है । इसके अलावा अनुसूचित जाति-बहुल क्षेत्रों और पहाड़ी क्षेत्रों में सरकार ने आधार-भूत ढांचे के मानदण्डों को शिथिल कर दिया है और वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप केन्द्रों के लिए 30,000 एवं 5000 के बजाए क्रमशः 20,000 और 3,000 की आबादी का मानदंड रखा गया है ।

### नरोरा आणविक विद्युत परियोजना के चारों ओर खाली क्षेत्र

*265. श्री राम नरेश यादव :
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नरोरा आणविक विद्युत परियोजना के प्रथम चरण के उत्पादन को प्रारंभ करने से पूर्व इस परियोजना के चारों ओर एक खाली क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव था ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ आसपास की कितनी जमीन अधिगृहीत की गई है ;

(ग) इस भूमि अधिग्रहण से कितने ग्राम और ग्रामवासी प्रभावित हुए हैं ;

(घ) क्या इन प्रभावित लोगों को पुनः बसा दिया गया है ; और